Printed Pages – 4

# J-53

## B.A. (Part-II) (Old Course)

## Examination, 2021

## HINDI LITERATURE

### Paper - I

### (अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** सभी प्रश्न हल करना है। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

**Q. 1.** निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **21**

(क) ''हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी,
आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी।
यद्यपि हमें इतिहास अपना प्राप्त पूरा है नहीं,
हम कौन थे इस ज्ञान को, फिर भी अधूरा है नहीं।''

(ख) ''किसलय-वसना नव वय लतिका
मिली मधुर प्रिय उर तरु पतिका
मधुप वृन्द बन्दी
पिक स्वर नभ सरसाया
सखि बसंत आया।''





(ग) ''आज का दुख, कल का आह्लाद,
और कल का सुख, आज विषाद
समस्या स्वप्न गूढ़ संसार
पूर्ति जिसकी उस पार
जगत् जीवन का अर्थ विकास
मृत्यु, गति क्रम का ह्रास!''

(घ) ''मैं सांसों के भाव लगाती हूँ
सिकुड़ी आँतों चीख जगाती हूँ
बच्चे भूखे
माँ भी उनकी भूखी,
मिल जाय उन्हें
बस दो ही रूखी-सूखी!
मैं बेच रही हूँ दही!''

(ङ) ''विहग शिशु मौन नीड़ों में
मैंने आँख भर देखा।
दिया मन को दिलासा पुनः आऊँगा
भले ही बरस दिन-अनगिन युगों के बाद।
क्षितिज ने पलक-सी खोली
तमक कर दामिनी बोलीः
अरे यायावर, रहेगा याद ?''

**Q. 2.** राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपने काव्य में युगीन समस्याओं का यथार्थ चित्रण किया है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए। **12**

**अथवा**

कविवर 'निराला' की क्रांतिवादी दृष्टि का महत्वांकन कीजिए।

**Q. 3.** ''पंत जी कोमलतम कल्पनाओं के कवि हैं।'' इस कथन पर प्रकाश डालिए। **12**

**अथवा**

''माखनलाल चतुर्वेदी की कविताएँ राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत हैं।'' इस कथन की सत्यता पर प्रकाश डालिए।

**Q. 4.** निम्नांकित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : **15**

(i) हरिऔध जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(ii) सुभद्रा जी की अभिव्यक्ति पर लघु मीमांसा कीजिए।

(iii) श्रीकांत वर्मा के काव्य का उद्देश्य लिखिये।

(iv) राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा का परिचय दीजिए।

(v) प्रयोगवाद की विशेषताएँ लिखिए।

**Q. 5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **15**

(i) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म किस सन् में हुआ ?

(ii) गुप्त जी की प्रथम काव्य रचना कौन सी थी ?

(iii) निराला की जूही की कली कब प्रकाशित हुई ?

(iv) 'मतवाला' कहाँ से प्रकाशित होता था ?





(v) 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि को कहा जाता है ?

(vi) 'उलाहना' कविता के रचयिता का नाम लिखिए।

(vii) प्रयोगवाद के जनक कौन हैं ?

(viii) द्विवेदी युग का समय बताइये ?

(ix) तारसप्तक का प्रकाशन आरंभ में कब हुआ ?

(x) 'वीणा' किसकी रचना है ?

(xi) 'परिवर्तन' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xii) 'अप्सरा' उपन्यासकार के रचनाकार कौन हैं ?

(xiii) 'तोड़ती पत्थर' कविता में किसका चित्रण हुआ है।

(xiv) 'प्रकृति का सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है ?

(xv) आधुनिक हिन्दी कविता का प्रादुर्भाव कब से माना जाता है ?

Printed Pages – 7

# JN-53

## B.A. (Part-II) (New Course)

## Examination, 2021

## HINDI LITERATURE

### Paper - I

### (अर्वाचीन काव्य)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Pass Marks : 25*

**नोट :** सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

**Q. 1.** निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) कठिनाइयों के मध्य अध्यवसाय का उन्मेष हो,
जीवन सरल हो, तन सबल हो, मन विमल सविशेष हो।।
छूटे कदापि न सत्य पथ निज देश हो कि विदेश हो,
अखिलेश का आदेश हो जो बस वही उद्देश्य हो।।





(ख) वह तोड़ती पत्थर,
देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर-
वह तोड़ती पत्थर।
कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार;
श्याम तन, प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार
सामने तरु मलिका अट्टालिका प्राकार।

(ग) सूर पति के हम ही हैं अनुचर,
जगत्प्राण के भी सहचर,
मेघदूत की सजल कल्पना,

चातक के चिर जीवन धर।

मुग्ध शिखी के नृत्य मनोहर,

सुभग स्वाति के मुक्ताहार,

विहग वर्ग के गर्भ विधायक,

कृषक बालिका के जलधर।।

(घ) सुजन ये कौन खड़े हैं ? बन्धु ! नाम ही है इनका बेनाम,

'कौन-सा करते हैं ये काम ?' काम ही है बस इनका काम।

'बहन-भाई', हाँ कल ही सुना, अहिंसा, आत्मिक बल का नाम,

'पिता!' सुनते हैं श्री विश्वेश, 'जननि ?' भी प्रकृति-

सुकृति-सुखधाम।

(ङ) सबेरे उठा तो धूप खिलकर छा गयी थी।

और एक चिड़िया अभी-अभी गा गयी थी।





मैंने धूप से कहा; मुझे थोड़ी गरमाई दोगी उधार-

चिड़िया से कहा : थोड़ी मिठास उधार दोगी ?

मैंने घास की पत्ती से पूछा : तनिक हरियाली दोगी-

तिनके की नोंक-भर ?

**Q. 2.** "मैथिलीशरण गुप्त ने अपने काव्य में युगीन समस्याओं का यथार्थ चित्रण किया है।" इस कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिए। **12**

**अथवा**

"निराला मूलतः विद्रोह और मुक्ति के कवि हैं, इसलिए ही उन्होंने हर बने-बनाए चौखटों को तोड़ने का काम किया है।" इस कथन के आलोक में निराला की कविताओं का मूल्यांकन कीजिए।

**Q. 3.** ''प्रकृति पंत की चिरसंगिनी है।'' इस कथन के आलोक में पंत जी के प्रकृति चित्रण की विवेचना कीजिए। **12**

**अथवा**

''अज्ञेय नई कविता के शलाका पुरुष हैं।'' इस कथन के आलोक में उनकी साहित्यिक विशेषताओं को सोदाहरण समझाइए।

**Q. 4.** किन्हीं तीन लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **15**

(i) आधुनिक काल की प्रमुख विशेषताएँ।

(ii) श्रीकान्त वर्मा की कविता का मुख्य स्वर।

(iii) सुभद्राकुमारी चौहान के काव्य की विशेषताएँ।

(iv) नई कविता की काव्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

(v) छायावाद कविताओं की विशेषताएँ।





**Q. 5.** निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **15**

(i) प्रयोगवाद और नई कविता के प्रवर्तक का नाम।

(ii) निराला जी का पूरा नाम।

(iii) छायावाद का शिखर काव्य का नाम।

(iv) 'केंचुआ छंद' किस कवि की कविता में प्रयुक्त हुआ ?

(v) निराला रचित 'शोकगीत' का नाम लिखिए।

(vi) हालावाद के प्रवर्तक कौन हैं ?

(vii) 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से किस कवि को जाना जाता है ?

(viii) 'वैदेही वनवास' महाकाव्य के रचयिता कौन हैं ?

(ix) 'मैं बेच रही हूँ दही।' किसकी रचना है ?

(x) 'नदी के दीप' किसकी रचना है ?

(xi) 'ताज' कविता के कवि का नाम लिखिए।

(xii) 'पुष्प की अभिलाषा' के कवि का नाम बताइए ?

(xiii) 'राजे ने अपनी रखवाली की' किसकी रचना है ?

(xiv) द्वितीय तार सप्तक का प्रकाशन किस सन् में हुआ ?

(xv) साकेत में किसकी विरह वेदना का मर्मस्पर्शी चित्रण है ?

(xvi) 'चाँदनी जी लो' किसकी रचना है ?

(xvii) मार्क्सवादी विचारधारा से प्रभावित काव्यधारा का नाम लिखिए ?